<u>अति आवश्यक</u>

राजस्थान सरकार

<u>आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।</u>

क्रमांकः– एफ1(Various case)स्था/निकाशि/23/ दिनांकः–

<u>परिपत्र</u>

1. **प्राचार्य/कार्यवाहक प्राचार्य**
   समस्त राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान।
2. **सहायक निदेशक, समस्त क्षेत्रीय कार्यालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।**

प्रायः यह देखा गया है कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के अधीन समस्त महाविद्यालयों/कार्यालयो मे पदस्थापित प्राचार्य/उपाचार्य/कार्यवाहक प्राचार्य/सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय एवं अन्य सभी सहायक आचार्य/सह आचार्य/आचार्य के सभी प्रकार के प्रकरणों को कई बार अपूर्ण रूप से इस विभाग में प्रेषित किया जाता है जिससे उक्त प्रकरण अपूर्ण होने के कारण समय पर निस्तारण नहीं हो पाते है।

वर्तमान में सभी अधिकारियों के समस्त प्रकरणों का **विषयवार** (Subject wise) निस्तारण किया जाना है। अतः भविष्य में उक्त अधिकारियों के समस्त प्रकरणों को पूर्ण विवरण सहित जैसेः– पूरा नाम मय पद, RES, RVRES, जैसा भी हो विषय (Subject)अंकित कर विभाग को ई–डाक के माध्यम से ही भिजवाया जाना सुनिश्चित करे, साथ यदि प्राचार्य/कार्यवाहक प्राचार्य है तो पूरा नाम, मूल पद, विषय,मोबाईल नं0 सहित अंकित कर विभाग भिजवाया जाना सुनिश्चित करे।

भविष्य में उक्त वर्णित शर्तो की पूर्ति संबंधित प्राचार्य/उपाचार्य/कार्यवाहक प्राचार्य/सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय अपने स्तर पर पूर्ण जांच कर ही प्रकरण विभाग को भिजवाया जाना सुनिश्चित करे। उक्त वर्णित शर्तो की पूर्ति न होने पर प्रकरण/ई–डाक मूल ही संबंधित महाविद्यालय/कार्यालय को बिना संज्ञान में लिये लौटा दिये जायेंगें जिसका उत्तरदायित्व प्रकरण प्रेषित करने वाले अधिकारी का होगा।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(डॉ. टी सी. बैरवा)
संयुक्त निदेशक, (एच.आर.डी.)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

क्रमांकः– एफ1(Various case)स्था/निकाशि/23/ दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वेब प्रभारी, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
2. रक्षित पत्रावली।

(डॉ. टी सी. बैरवा)
संयुक्त निदेशक, (एच.आर.डी.)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

Signature valid
Digitally signed by Dr. Tara Chand Bairwa
Designation : Professor
Date: 2023.09.21 15:35:42 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4759644